nt>

Title: Need to convert meter guage railway line between Indara Junction and Doharighat in Uttar Pradesh into broad gauge.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी जनपद मऊ, उत्तर प्रदेश के पूर्वोत्तर रेलवे के रेल वे स्टेशन इन्दारा जंक्शन से रेलवे स्टेशन दोहरीघाट के रेल मार्ग की ओर दिलाना चाहता हूं। यह छोटी लाइन का रेल मार्ग 1902 का बना हुआ है जिस पर दोहरीघाट अंतिम स्टेशन है। इस मार्ग पर महत्वपूर्ण व्यावसायिक बाजार एवं औद्योगिक संस्थान यथा कोपागंज, दोहरीघाट, घोसी चीनी मिल स्थित है। पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकांश रेल मार्ग बड़ी लाइन में बदल दिए गए हैं जबकि उक्त मार्ग सौ र्वा पुराना होने के बावजूद अभी तक बड़ी लाइन में नहीं बदला गया है। इस क्षेत्र की जनता का मऊ जनपद मुख्यालय पर सीधे आवागमन बाधित है। क्षेत्रीय जनता की वर्ाों से मांग है कि उक्त रेल मार्ग का अमान परिवर्तन किया जाए।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि उक्त रेल मार्ग को छोटी लाइन से बड़ी लाइन में बदलने तथा मऊ से दोहरीघाट तक ट्रेन चलाने की व्यवस्था करें।